33777 - ज़कात के हक़दार को इस बात से सूचित करना ज़रूरी नहीं कि यह माल ज़कात है

प्रश्न

मैं ने अपने मामूं को कुछ राशि भेजी और उन्हें यह नहीं बतलाया कि वह राशि ज़कात है; इसलिए कि अगर मैं उन्हें यह बतलाया होता कि वह ज़कात है तो वह उसे नहीं लेते। मैं ने यह मामला अपने और अल्लाह के बीच छोड़ दिया। क्या मेरी ज़कात सही है ?

विस्तृत उत्तर

अगर आप ने अपनी ज़कात उस आदमी को भुगतान कर दी जिसके बारे में आप यह जानते हैं कि वह उसका हक़दार है तो यह सही ज़कात है, और हम आशा करते हैं कि अल्लाह तआला इसे आप से क़बूल फरमाएगा। आपके लिए लेनेवाले को इस बात से सूचित करना ज़रूरी नहीं है कि वह ज़कात है।

और अल्लाह तआला ही तौफीक़ प्रदान करने वाला है।